'घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रक्रियाओं में लाएं गति'

- संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए आमजन को तुरंत राहत पहुंचाएं : जिला कलक्टर'
- जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

डीग/भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को गंभीरता से लें एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करते हुए गुड गवर्नेंस के तहत आमजन को राहत पहुंचाएं। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए भूमि आवंटन, डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को समयबद्ध मिल सके। उन्होंने यह बात शनिवार को पंचायत समिति सभागार में विभागीय उपलब्धियों एवं विकास कार्यों के संबंध में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान कही।

जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बजट 2025-26 में जिले के संबंध में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रक्रियाओं में गति लाएं, कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें, समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करें।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में राजस्व अधिकारी अतिक्रमणों के प्रकरणों को प्राथमिकता से लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करे। म्यूटेशन, रास्ते, विरासत के प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें एवं सीमाज्ञान व पत्थरगढ्ढी के मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर ही संवेदनशीलता से कार्यवाही करें।

लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए स्थानीय स्तर पर ही निपटाएं, जिससे कि परिवादी को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडे।उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के साथ आमजन के बिजली, पेयजल, सडक आदि के प्रकरणों को सुन संतुष्टपूर्ण निस्तारण करें एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ, संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निवारण करें एवं सहायता के प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करें। समस्त राजकीय पत्रावली संबंधी कार्य ई- फाइल के माध्यम से ही करें। बैठक के दौरान उन्होंने संपरिवर्तन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति, गैर खातेदारी प्रकरण, 90 ए, आरओडब्लयू पोर्टल, लंबित नामांतरण, सीपी ठाम पोर्टल, शहरी विकास, लॉ एंड ऑर्डर, मासिक सारांश रिपोर्ट, राजस्व सहित न्यायालयों व अदालतों के लंबित प्रकरण, एल आर/पीडीआर एक्ट प्रकरण, जीएलएमएसी से संबंधित प्रकरण, जीसीएमएस पोर्टल, गिरदावरी, अतिक्रमण, राजस्व वसूली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अपने अधीनस्थ व विभागीय कार्यालयों के समय-समय पर निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को एलआर सेक्शन से समन्वय करते हुए लंबित प्रकरण निपटाने व पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने को कहा।बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी डीग देवी सिंह, नगर दुर्गाप्रसाद मीना, कुम्हेर श्रेष्ठा श्री, सीकरी अमित कुमार मीना, कामां सुभाष यादव, पहाड़ी मुकुल दीक्षित सहित समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।

आरोपी को आजीवन कारावास, भाई व पिता को भी 3 साल की सजा

- कुलदीप धनकड़, लोक अभियोजक ने बताया कि युवक सुनील ने अंकिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के कोतवाली थाना इलाके में 4 साल पहले एक लड़की की प्रेम प्रसंग के चलते गोली मारकर हत्या कर दी थी। आज कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास और उसके पिता और भाई को 3-3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही मुख्य आरोपी पर 20 हजार और उसके भाई और पिता पर 5-5 हजार का जुर्माना लगाया है। आरोपी ने 4 साल पहले एक लड़की की हत्या कर दी थी।

कुलदीप धनकड़, लोक अभियोज कने बताया कि शहर कोतवाली इलाके स्थित मुखर्जी नगर कॉलोनी में 26 जनवरी 2021 की सुबह उसी कॉलोनी के रहने वाले युवक सुनील (24) ने अंकिता (19) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुनील अंकिता से एक तरफा प्यार करता था। 26 जनवरी के दिन अंकिता अपनी छत पर घूम रही थी। अंकिता के पिता शक्ति राजपूत और मां रेखा स्कूल गए हुए थे। अंकिता के माता-पिता सरकारी टीचर थे।

घर पर अंकिता और उसकी बड़ी बहन कनिष्का घर थी। इस दौरान आरोपी सुनील घर के बगल में सीढ़ी लगाकर अंकिता की छत पर पहुंचा और उसके अंकिता के पेट में दाई तरफ गोली मारकर फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुन अंकिता की बड़ी बहन कनिष्का छत पर पहुंची। तब तक सुनील फरार हो चुका था। कनिष्का ने अपने माता पिता को फोन कर घटना के बारे में बताया। दूसरी तरफ सुनील को भागते समय कॉलोनियों के लोगों ने देख लिया था। घटना के बाद तुरंत अंकिता को अस्पताल लेकर जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

अंकिता के पिता की शिकायत पर सुनील को 4 फ़रवरी 2021 को गिरफ्तार किया गया था। सुनील के साथ उसके पिता वीरेंद्र और भाई राकेश को भी गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश महिला उत्पीड़न प्रकरण कोर्ट ने मामले पर फैसला सुनाते हुए सुनील को आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही सुनील को पुलिस से बचाने के आरोप में पिता वीरेंद्र और भाई राकेश सिंह को 3 -3 साल की सजा और 5-5 हजार का जुर्माना लगाया है।

कार्याशाला का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के सेवर स्थित श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में सर्व समाज सनातन समिति राजस्थान के सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह व कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। कॉलेज सभागार में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा, पारस जैन, जितेन्द्र शेखावत, महासचिव कमलेश कुमार टॉक, सचिव अरूण जोशी, कोषाध्यक्ष विवेक गोयल, कार्यालय मंत्री अभिनव जोशी, मीडिया प्रमुख मुकेश भारद्वाज, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख धर्मेंद्र तिवाड़ी, सोशल मीडिया प्रमुख राजेश विजयवय, राजस्थान क्षेत्र संपर्क प्रमुख अजय कटारा, विपिन शर्मा तथा सलाहका महेन्द्र शर्मा, रजनीकांत शर्मा को शॉल, पैन, कलेण्डर, स्मृति चिन्ह और साफा पहनाकर संस्था के सभी सदस्यों के द्वारा स्वागत किया गया।

नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

गंगापुर सिटी, (निसं)। 30 अगस्त। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नशामुक्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वजीरपुर तहसील के चौधरी ढाबा पीलोदा रोड पर हुए इस कार्यक्रम में संस्था की संचालिका बी के सुमित्रा दीदी ने समाज में बढते नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त की। माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था 146 देशों में कार्यरत है। संस्था राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से समाज को नशामुक्त करने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने हाल ही में संस्था के साथ एमओयू किया है। सुमित्रा दीदी ने बताया कि मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत अभियान के जरिए लाखों लोगों को राजयोग ध्यान से जोडा गया है। इससे कई लोगों ने नशा छोडकर अपना जीवन सुधारा है।

गाजे बाजे के साथ मां इंदरगढ़ देवी की ध्वज यात्रा हुई रवाना

- आज होगा माता रानी के दरबार में विशाल भण्डारे का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार प्रात: 9 बजे राजराजेश्वरी इंदरगढ माता की द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा कर्मचारी कॉलोनी स्थित इंदरगढ दरबार से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई।

प्रात: 7.30 बजे माता के दरबार में माता रानी का सिंगार कर ध्वजा पताका का विधि विधान से भक्त देवी चरण गर्ग, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद सिंघल, वेद प्रकाश मंगल, रमेश चंद जीवद, अशोक करौली, कैलाश चंद, राम अवतार, अनुराग, रघुनंदन करौली, रॉकी गुप्ता, सुनील गर्ग, योगेश, आकाश गर्ग, गौरव मंगल, राहुल अग्रवाल, हैप्पी, सत्यनारायण पटवारी, अमित बबली, आदि द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद माता रानी को रथ पर सुशोभित किया। इस मौके पर सभापति शिवरतन अग्रवाल पूर्व चेयरमैन सुरेश सिंघल सहित सभी पदाधिकारीयों का साफा बांधकर एवं माता रानी का दुपट्टा ओढा कर स्वागत व सम्मान किया।

ध्वजा यात्रा बैंड बाजों के साथ जुलूस के रूप में उदेई मोड, फवारा चौक कैलाश टॉकीज ईदगाह पिपलाई मंडावरी होते हुए मां इंदरगढ देवी के लिए रवाना हुई। यात्री माता रानी के भजनों पर नाचते-गाते जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। ध्वजा यात्रा का यात्रा मार्ग में उदेई मोड ओसवाल नाका ट्रक यूनियन सभापति शिवरतन अग्रवाल के निवास पर गुट्टा परिवार की ओर से स्वागत कर पुष्प वर्षा कर यात्रियों को अल्पाहार कराया गया। समिति द्वारा सभी स्वागतकर्ताओ का सम्मान कर माता रानी की तस्वीर भेंट की। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि डाक ध्वजा यात्रा 31 अगस्त रविवार को प्रात: 6 बजे माता के भवन पर पहुंचेगी। परिक्रमा देकर ध्वजा चढाकर माता रानी के दर्शन कर भोग प्रसादी लगाकर परिवार और देश खुशहाली की कामना की जावेगी। इसके बाद सुबह 10 बजे नवनिर्मित गंगापुर वालों की धर्मशाला में कन्याओं को भोजन कराने के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

भागवत कथा में ध्रुव, अनुसूया व अजामिल की सुनाई कथा

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में लक्ष्मण मंदिर के निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में भागवत कथा के तृतीय दिवस के संदर्भ में वृन्दावन से पधारे आलोक कृष्ण गोस्वामी महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा की चर्चा करते हुए यह बताया कि भगवान को प्राप्त करने के लिए कोई विशेष आयु या विशेष अवस्था या स्थिति कोई महत्व नहीं रखती है। केवल भगवत नाम भगवान के प्रति निष्ठा भगवान के प्रति समर्पण भगवान के प्रति लगाव ही एकमात्र वह साधन है जो हमें भगवत निकटता प्रदान करा सकता है ।

बाल्यकाल में भक्त ध्रुव की कथा यही घोषणा कर रही है। नारद जी ने उन्हें बाल्यवस्था होने के कारण अकेले साधना के लिए जाने से रोकने का प्रयास किया परंतु भक्ति के प्रति उनकी निष्ठा उनके लगाव को देखकर स्वयं नारद जी महाराज ने ही उन्हें मंत्र प्रदान किया मंत्र को धारण करके उन्होंने छह मास के भीतर ही श्री धाम वृंदावन में भगवान की आराधना करके साक्षात प्रभु की प्राप्ति कर ली अर्थात यह कथा यह घोषणा करती है कि अगर हमारे अंदर लगन है तो हम किसी भी अवस्था में भगवत कृपा प्राप्त कर सकते हैं। नारद जी ने साधना के लिए श्री धाम वृंदावन ही क्यों बताया क्योंकि नारद जी के मन में उस बालक के लिए दया आ गई वह चाहते थे कि शीघ्र से शीघ्र इस बालक को भगवान की प्राप्ति हो जाए जैसे उदाहरण के रूप में जमीन में धरती के नीचे हर जगह जल पानी व्याप्त है लेकिन कहीं पर 100 फुट पर है कहीं 50 फुट पर है कहीं 5 फुट पर है कहीं 500 फुट पर है कहीं हजार फुट पर है पानी हर जगह और कहीं गंगा के किनारे यमुना के किनारे आप हाथ से भी अगर मिट्टी खोदेंगे तो पानी प्राप्त हो जाएगा। कहने का अभिप्राय यह है उसी तरह से भगवान भी हर जगह व्याप्त है लेकिन भगवत धाम में वहां के पर्यावरण के कारण वहां के वातावरण के कारण वहां की स्थिति के कारण भगवान को प्राप्त करना सरल हो जाता है। वहां मनुष्य रहकर अगर कुछ ना भी करे तब भी वहां भगवत नाम संकीर्तन भगवान के मंदिरों के घंटे घडियालों की ध्वनी चारों तरफ से भगवान नाम संकीर्तन हमारे अंदर वह वातावरण व पर्यावरण वह चेतना जगाने में सक्षम है जिसके द्वारा हम भगवत नाम से जुड सकते हैं। इसके उपरांत आपने सती अनुसुइया की कथा की चर्चा करी और यह बताया कि एक महान स्त्री चरित्र सती अनसूया जी का है। भगवान बहुत सी लीलाएं इस धरा धाम पर करते हैं जो कि देखने में बडी अटपटी लगती हैं लेकिन वास्तव में उनका उद्देश्य हम लोगों को शिक्षा प्रदान करना होता है। उसी प्रकार की अनसूया जी की लीला है जो कि उनके पति और अनुसूया देवी दोनों भगवान की साधना में लगे रहते हैं और प्रतिपल प्रशिक्षण उनका प्रयत्न भगवत सुमिरन का ही रहता है । परन्तु तीनों देवियों ने ब्रह्मा विष्णु महेश की पत्नियों ने अपने पतियों को प्रेरणा दी कि वे परम उच्च सती पद से नीचे गिरायें। अनसूया जी ने अपने भगवत नाम के प्रताप से तीनों ब्रह्मा विष्णु महेश भगवानों को बालस्वरूप में परिवर्तित कर दिया और उनके आशीर्वाद के स्वरूप उन्हें तीनों भगवान के द्वारा तीन पुत्रों की प्राप्ति हुई जिन्होंने अत्रि मुनि और माता अनुसूया का वैभव नाम यश कीर्ति समस्त संसार में फैलाया । इसके उपरांत गोस्वामी ने चर्चा करते हुए श्रीमद्भागवत की कथा के संदर्भ में अठावाल धर्मशाला के प्रांगण में भक्तों के मध्य में नाम संकीर्तन किया और अपने भजन के द्वारा सभी को आनंद प्रदान किया।

गोस्वामी ने जड भरत की कथा के संदर्भ में यह बताया की सामान्य रूप से देखने में जड़ भरत को लोग जड उन्हें एक प्रकार से पागल की संज्ञा दे सकते हैं । लेकिन वास्तव में वह अपनी निष्ठा में भगवत नाम में निमग्न रहने वाले चरित्र हैं, पूर्व जन्म में जड़ भरत महाराज इससे पूर्व भरत जी के रूप में भगवत साधना उचित पर्यावरण में की और अंत समय में हिरण का मृग शावक का ध्यान होने के कारण उन्हें हिरण की योनि में जाना पडा। उसके उपरांत भजन भक्ति के प्रताप से उन्हें अपने पूर्व गलती का पूर्व जन्म के त्रूटी का एहसास था और आप पुन ब्राह्मण परिवार में जड भरत के रूप में आए हैं। वहां आपने भगवत नाम के द्वारा अपने जीवन को सफल बनाया और महा प्रतापी राजा रहूगण को ज्ञान प्रदान किया जो वह प्राप्त करने के लिए जंगल में जा रहे थे । राजा रहूगण को विनम्रता की शिक्षा मुख्य रूप से जडभरत महाराज ने दी है । कि बिना विनम्रता के बिना परोपकार के बिना लोकहित किए बिना लोगों का भला किए कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में ना ही सफल हो सकता है ना ही आनंद की प्राप्ति कर सकता है। यही संदेश यही शिक्षा आपने राजा रहूंगा को प्रदान किया इसके उपरांत कथा की चर्चा करते हुए गोस्वामी ने बताया अजामिल के संदर्भ में कथा का प्रसंग की चर्चा की भगवान नाम के महत्व को बताया कलियुग में केवल भगवत नाम का विशेष महत्व है। भगवान चौतन्य महाप्रभु ने भी घोषणा की है कि ष्हरेर्नाम हरेर्नामैव केवलम कलौ नास्तेव नास्तेव नास्तेव गर्तिअन्यथाष् तात्पर्य हम कोई भी कार्य करें ना करें लेकिन अगर प्रतिपल भगवान नाम से जुड़े रहते हैं, बस इतना ही मनुष्य कलयुग के जीवो के लिए पर्याप्त है। उसे अपने जीवन के प्रत्येक पल में प्रत्येक क्षण में अपने आप को भगवत नाम से जुड़े रखना है यह शिक्षा श्रीमद्भागवत में भी प्रदान की गई है। मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने भी यही घोषणा की है कलियुग के संदर्भ में और भगवान चौतन्य महाप्रभु के कृष्ण दास द्वारा लिखित चौतन्य चरितामृत में भी यही विशेषता बताई गई है कि कलयुग में केवल भगवत नाम मात्र ही सर्वोपरि है सर्वश्रेष्ठ है।

पश्चिम मध्य रेल
कोटा मंडल

LIST OF DEPOSIT PENSION FOR THE YEAR 2016-17 to 2019-20

S.No.	Name Of The Employee	DESIGNATION	STATION	P.F.NO.	REASON	AMOUNT
1	SOMA P.	SR.G/MAN	MLGH	17731391	NR.31/3/2016	100000
2	RAMESH C.	SR.P/MAN	SWM	1574922	NR.31/3/2016	45000
3	DEEPAK GIDWANI	SSE/RE	KTT		NR.31/3/2016	5000
4	SULAKSHNA RANI W/o SANJAYKUMAR RAWAT	GARD	GGC	8655285	EXP.18/12/2025	20000
5	GITA DEVI w/o GHANSHYAM	SR.P/MAN	SWM	15749125	EXP.16/11/2025	50000
6	KISHAN	G/MAN	CMU	85713477	LVR 13/6/2025	10000
7	vilam w/o MADHAV SINGH	CHOKIDAR, ENG.	MLGH	25823085	EXP. 13/9/2015	15000
8	HARI	SR.GETKEEPAR	SWM	15705559	LVR 11/6/2015	5000
9	RATINBEN W/o POONIYA BHAI	P/MAN	SHRINAGAR	15765179	EXP 26/10/2015	50000
10	NANOO	PP	SALPURA	15719881	COMP.RTD. 11/5/15	30000
11	HARI SINGH GURJAR	P/MAN	HAN	25760439	NR. 31/5/2016	5000
12	DAL SINGH MEENA	GARD	GGC	15733130	NR. 31/5/2016	20000
13	JOGENDRA K.	TROLLYMAN ENG.	RMA	15665215	NR. 31/5/2016	70000
14	SURESH N.	S.WALA/MED	BTE	15946307	NR. 31/5/2016	50000
15	SHAKUNTALA W/O POONAM CHAND	SSE/TRS	TKD	15139232	EXP. 29/1/2016	954484
16	RAMESH	G/MAN	RMA	15712357	LVR. 30/6215	70000
17	MEERA MATHUR W/O NARAYAN KUMAR	BOX-BOY	GGC	15572560	MISS.CASE21/10/11	121096
18	RANJEET	G/MAN	RMA	15721929	LVR. 8/6/2015	46183
19	GIRIRAJ	G/MAN	LKE	15701475	LVR. 18/6/2015	70000
20	LALA	G/MAN	MEP	15667984	LVR. 11/7/2015	5000
21	NAWAL SINGH	G/MAN	LKE	15711638	LVR. 11/7/2015	5000
22	MANOHAR LAL	K.PENTER S&T	KTT	15698397	NR. 30/6/2016	20000
23	KHUSHI RAM	G/METH	MLGH	15695263	NR. 30/6/2016	2000
24	PAR SINGH	CHOKIDAR, ENG.	KTT	15737860	NR. 30/6/2016	20000
25	RAM PRASAD	HEL.MECH	KTT	11000110	NR. 30/6/2016	125000
26	INDER NARAYAN SHARMA	GARD	GGC	17378424	NR. 30/6/2016	10000
27	MOHAN LAL MEENA	P/MAN	KTT	15754066	NR. 30/6/2016	10000
28	GORE LAL	JAMADAR OPT.	BXN	15746975	NR. 30/6/2016	5000
29	RAMESHWAR DAYAL	SS	JJA	13322588	NR. 30/6/2016	10000
30	SHOKAT ALI	HEL.MECH.	KTT	15563741	LVR. 22/2/2016	10000
31	SURESH	TRO.MAN	BXN	15670892	LVR. 31/2/2016	15000
32	MOHAN SINGH	HEL.ELECT.	KTT	15860140	LVR. 29/12/2015	50000
33	SURAJ PAL D.	ESM	VMA	15894356	NR. 31/7/2016	5000
34	SMT.PUNJI	G/MAN	BD	15720561	NR. 31/7/2016	100000
35	AMAR SINGH	G/METH	RMA	15643001	NR. 31/7/2016	20000
36	KAILASH CHAND	WALMAN	GGC	15659033	NR. 31/7/2016	10000
37	DARYAB	G/MAN	HAN	15659975	NR. 31/7/2016	100000
38	JAGDISH L.	HEL.TRD	LKE	15661040	NR. 31/7/2016	5000
39	MAHENDRA KU. SHARMA	CH.WLI	KTT	15826995	NR. 31/7/2016	5000
40	PADAM CHAND	FTR.MECH.	KTT	15549434	NR. 31/7/2016	15000
41	ISHAQ MHD.	DY SS	TIRATH	15658508	NR. 31/7/2016	10000
42	RAM LALB.	P/MAN	LRU	15745806	NR. 31/7/2016	10000
43	RATTIRAM K.	TRO./MAN	BXN	15664430	EXP.26/11/2015	10000
44	RAMSWARUP	BAIRA.MED.	KTT	1588614	NR.30/9/2016	40000
45	SUKH SINGH K.	G/METH	BTE	15669518	NR.30/9/2016	35496
46	PRABHU LAL	JE	IDG	15725741	NR.30/9/2016	20000
47	RAJESH SHRIVASTAV	ASM	DKNT	15250398	NR.30/9/2016	30000
48	SHAVANAND DIMARI	DRIVER	BXN	13306212	NR.30/9/2016	40000
49	SHYODHAYAL	G/MAN	IDG	15722200	LVR.4/9/2015	100000
50	SADIQ HUSAIN	G/MAN	SGZ	15674850	LVR.30/6/2015	20000
51	SANWALRAM MEENA	GARD	GGC	15273167	EXP.17/4/2016	10000
52	SMT DEETO	G/MAN	BWM	15739235	NR.31/10/2016	10000
53	GANEE N.	G/MAN	GGC	15655039	NR.31/10/2016	50000
54	PEETAM S.	SR.KH.OPTG.	BAZ	15762221	NR.31/10/2016	22000
55	HIMMAT SINGH	GATEMAN TFC	BXN	15761874	NR.31/10/2016	75000
56	OM PRAKASH	G/MAN	LKE	15700940	LVR.20/1/2016	50000
57	OM PRAKASH R.	HEL. S&T	SGZ	15893480	LVR.22/2/2016	5000
58	SHRILAL MEENA	PP	SAKATPURA	422502	LVR 23/6/2016	5000
59	HARI RAM	G/MAN	GGC	15714494	LVR 8/2/2016	10000
60	RAM BABU	K-MAN	GGC	15705985	LVR.8/7/2016	20000
61	KALIYA	G/MAN	SGZ	15672402	LVR/2/2016	5000
62	DURGA PD.S.	S/WALA MED.	GGC	15948936	NR.30/11/2016	10000
63	SUBHAS	GARD	KTT	15743895		10000
64	OMPRAKASH MARHURIA	SS	MSRP	13818478	EXP.14/2/2016	10000
65	PRADEEP KUMAR	LP	KTT	15536488	VR.24/7/2016	15000
66	SURAJYA	G/MAN	GGC	15705468	LVR.11/3/2016	2000
67	SMT. PARWATI	GMAN	MLGH	15732010	LVR.29/2/2016	5000
68	GIRDHAR	GMAN	BTE		NR.31/12/2016	100000
69	MHD. IDARISH	KH-ELECT.	KTT		NR.31/12/2016	90000
70	PARSU RAM	PP	SWAR		NR.31/12/2016	10000
71	MAHARAJ SINGH	P.FTR.MECH.	KTT		NR.31/12/2016	750000
72	NURUDDIN	K-MAN	BD	15695613	LVR.23/3/2016	5000
73	RAMVEER	G/MAN	LKE	15712254	LVR.17/3/2016	20000
74	RAMESHWAR S.	G/MAN	BXN	15692504	LVR.31/1/2016	20000
75	BHARTHI.H.	G/MAN	BXN	13647581	LVR.31/1/2016	5000
76	MADAN SINGH	G/MAN	LKE	15722806	LVR.9/3/2016	5000
77	BAPU	G/MAN	SGZ	15719325	LVR.21/9/2015	20000
78	KALU B.	JAMDAR	MLGH	15686681	NR.31/1/2017	20000
79	RAM KHILADI D.	TECH./P/	BAZ	15861405	NR.31/1/2017	40000
80	NARAYAN SING	CPS	GGC	15729035	NR. 31/1/2017	135000
81	ALOO B.	K-MAN	BD	15697587	LVR. 27.02.2016	5000
82	GULAB SINGH COUHANH	CTI	KTT	15737093	MDVR9/8/2016	210000
83	OMPRAKSH	TECH.JP/	BKN	25530902	EXP.12/7/2016	25000
84	NASARUDDIN	KH.ELECT	TKD	15737562	EXP. 7/6/2016	5000
85	SURESH CHAND	PP	ANTA	15757663	LVR.29/6/2016	30000
86	PHOOL SINGH	PP	ALANIYA	15752239	LVR.8/7/2016	5000
87	BADRI LAL	ESM/S&T	RMA	15753074	VR.15/10/2016	20000
88	SUNIL KU. CHATURVEDI	GARD	GGC	15742313	NR. 28/2/2017	12000
89	SITA RAM	G/MAN	BXN	15696145	NR.28/2/2017	65000
90	RAMSWARUP	CHOKIDAR.ENG	RMA	15663334	NR.28/2/2017	10000
91	SHYAM LAL	HEL.MECH	KTT	15563704	NR.28/2/2017	100000
92	RAM SINGH MEENA	G/MAN	SMBJ	15764990	LVR.6/10/2016	5000
93	JAMANA LAL L.	G/MAN	IDG	85722031	LVR.17/2/2016	20000
					TOTAL	4079259

LIST OF DEPOSIT PENSION FOR THE YEAR 2018-19

S.No.	Name	DESIGNATION	STATION	P.F.NO.	REASON	AMOUNT
1	DHARMENDRA KUMAR	PRS-II	RMA	13581107	VR. 24/11/2016	10000
2	VEER SINGH	G/MAN	KTT	15658405	NR.31/3/2017	100000
3	BRIJ MOHAN	PP	IDG	15760078	LVR.11/7/2016	5000
4	SHRIPHOOL	G/MAN	RMA	15705500	LVR.29/9/2016	423823
5	ACHINTYA CHATARJI	CTI	KTT	15734493	NR.31/3/2017	12500
6	SHANKAR LAL	TRO.MAN/S&T	RMA	85739740	LVR.12/10/2016	50000
7	"RADHA SHARMA W/O CHANDRA PRAKASH"	KH.ELECT.TRD	KTT	36400836	EXP.14/5/2016	236493
8	MUKESH DATT SHARMA	CBS	KTT	25762266	VR.29/11/2016	10000
9	PRABHU LAL	G/MAN	SGZ	25821430	LVR.13/8/2016	40000
10	RATAN LAL	K-MAN	SGZ	25821143	LVR.16/8/2016	40000
11	ASHOK KUMAR P.	HEL. ELECT.	SGZ	15861260	LVR.30/9/2016	40000
12	"SMT.REMA-RASIA W/O CHAMPA BEN"	G/MAN	MEP	36400242	EXP.25/8/2011	30000
13	HAJARI	K-MAN	GGC	15679093	LVR.10/10/2016	30000
14	KISHAN	G/MAN	LKE	15681518	LVR.5/11/2016	150000
15	HEERA LAL	G/MAN	LKE	15705778	LVR.5/11/2016	25000
16	NURUDDIN	G/MAN	SGZ	15687650	LVR.23/3/2016	5000
17	SMT.GAYATRI	G/MAN	RMA	85729874	NR.30/4/2017	60000
18	SOMA	G/MAN	CAG	15690635	NR.30/4/2017	10000
19	UMESH KUMAR SHARMA	GARD	GGC	16859789	NR.30/4/2017	130000
20	RAMCHARAN	KH./IOW	GGC	15686917	LVR.2/8/2016	40000
21	MOTI	G/MAN	GGC	15701815	LVR.14/10/2016	25000
22	SARVESHWAR	G/MAN	KTT	15677904	LVR.29/2/2016	110000
23	BALCHAND	K-MAN	RMA	15665203	LVR.5/5/2016	5000
24	MUKUND LAL	SSE/SIG.	RMA	15677783	VR.12/1/2017	10000
25	ATAR SINGH C.	G/MAN	BXN	15691767	LVR.7/10/2016	472195
26	AABID ALI	G/MAN	LKE	15722119	EXP.30/1/2016	10000
27	SARFUDDIN	G/MAN	BTE	15712539	LVR.20/9/2016	40000
28	GULAB CHAND	G/MAN	MLGH	15730200	NR.31/5/2017	60000
29	RAM KISHOR	G/MAN	LKE	15730037	LVR.10/8/2016	40000
30	LAL CHAND	P/MAN	SUWASRA	15748157	NR.31/5/2017	5000
31	KARAN SINGH	TTI	GGC	15754340	NR.31/5/2017	110000
32	NAND LAL	P/MAN	RLK	15759623	NR.31/5/2017	5000
33	TULSI RAM	CABIN-MAN	MLGH	15663619	NR.31/5/2017	50000
34	CHATARU	G/MAN	IDG	15700926	LVR.5/11/2016	10000
35	MOHD. YASIN	KH.MECH.	KTT	15828402	LVR22/2/2016	10000
36	PREM SINGH	G/MAN	BXN	15692383	MDVR,20/4/2017	20000
37	PACHIYA	G/MAN	SWM	85723471	LVR.29/7/2016	50000
38	VEERO	S.WALA-MD	SWM	25691879	EXP.13/1/2017	30000
39	JALISH KHAN	G/MAN	LKE	25821403	LVR.28/12/2016	5000
40	RAMJI LAL G.	G/MAN	IDG	15704968	LVR.3/9/2016	10000
41	VIRENDRA KUMAR	G/MAN	SGZ	25821120	LVR.13/8/2016	40000
42	MADAN KANT MISHRA	G/MAN	BWM	25827029	NR.30/6/2017	10000
43	TOTA	G/MAN	BD	15696236	NR.30/6/2017	10000
44	SOMA BHAI	G/MAN	KTT	15661180	NR.30/6/2017	10000
45	SMT. KAMALA BAI	G/MAN	BWM	25826888	NR.30/6/2017	10000
46	GOVIND SINGH	TECH.ELECT.	BTE	15859010	NR.30/6/2017	30000
47	MANJOOR AHAMAD	P/MAN	SGZ	15760091	NR.30/6/2017	10000
48	BABU LAL	P/MAN	VMA	15746800	NR.30/6/2017	5000
49	RAM KHILADI	CHOKIDAR-ELE	KTT	15757470	N